# बहिष्करण (Exclusion) के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

Government of South Australia
Department for Education

Hindi / हिन्दी

बहिष्करण से तात्पर्य असुरक्षित या अक्सर अध्यापन (टीचिंग) और अध्ययन (पढ़ाई) के बीच में आने वाले गंभीर व्यवहार के प्रति लंबे समय की प्रतिक्रिया से है।

जब किसी छात्र को स्कूल से बहिष्कृत किया जाता है, तो इसके परिणामस्वरूप वे 4 से 10 सप्ताह के बीच, या वर्तमान स्कूल टर्म के अंत तक सामान्य तरीके से स्कूल नहीं जा सकते हैं (पृष्ठ 3 पर 'वैकल्पिक अध्ययन कार्यक्रम' देखें)।

बहिष्करण का निर्णय प्रिंसिपल, या उनकी ओर से काम करने वाले किसी कर्मचारी द्वारा लिया जाता है।

किसी भी छात्र को शिक्षा निदेशक की स्वीकृति के बिना एक कैलेंडर वर्ष में 20 सप्ताह से अधिक के लिए स्कूल से बहिष्कृत नहीं किया जा सकता है।

## यदि मेरी संतान को स्कूल से बहिष्कृत किया जाता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

आपकी संतान को स्कूल से बहिष्कृत करने का निर्णय लेने से पहले प्रिंसिपल द्वारा उन्हें 1 से 5 स्कूली दिनों के लिए निलंबित करने की आवश्यकता होगी। इसे 'निलंबन लंबित निर्देश' कहा जाता है।

1 से 5 दिन की निलंबन अवधि के अंदर, 'निर्देश सम्मेलन' मीटिंग आयोजित की जाएगी ताकि:

- आप, आपकी संतान और स्कूल संपूर्ण जानकारी और अन्य सभी लोगों के दृष्टिकोण सुन सकें
- संबंधित व्यवहार के प्रति सबसे उचित दृष्टिकोण के बारे में निर्णय लिए जा सके।

प्रिंसिपल द्वारा आपकी संतान को स्कूल से बहिष्कृत करने और संपूर्ण घटना की जानकारी को साझा करने के लिए स्कूल आपसे संपर्क करेगा।

यह महत्वपूर्ण है कि घटना के सभी पक्षों को सुना जाये और अपनी संतान और उसके स्कूल के साथ मिलकर काम किया जाये।। इससे निम्नलिखित करने में मदद मिल सकती है:

- शांत रहने में
- घटना के बारे में अपनी संतान से बातचीत करने में
- घटना के बारे में स्कूल से बातचीत करने में।

निर्देश सम्मेलन की तैयारी के लिए स्कूल और अपनी संतान के साथ मिलकर काम करें (निर्देश सम्मेलन के बारे में जानकारी के लिए पृष्ठ 2 देखें)।

## वे कारण जिनके आधार पर प्रिंसिपल बहिष्करण के बारे में सोच सकते हैं

बहिष्करण असुरक्षित या अक्सर अध्यापन (टीचिंग) और अध्ययन (पढ़ाई) के बीच में आने वाले गंभीर व्यवहार के प्रति प्रतिक्रिया है। स्कूल से बहिष्करण का उपयोग निम्नलिखित के लिए किया जा सकता है:

- स्कूल को हर किसी के लिए सुरक्षित और सकारात्मक सीखने का स्थान बनाने में मदद प्रदान करने के लिए
- जब अन्य चीजों से छात्र द्वारा सुरक्षित और सकारात्मक व्यवहार प्रदर्शित करने में मदद नहीं मिली हो
- भविष्य में सुरक्षित और सकारात्मक व्यवहार का समर्थन करने की कार्य प्रणाली पर काम करने के लिए छात्र, उनके माता-पिता या देखभालकर्ताओं और स्कूल की मदद के लिए
- स्कूल में छात्रों को सुरक्षित रहने के कौशल सीखने के वैकल्पिक अध्ययन कार्यक्रम में मदद करने के लिए।

## संपूर्ण घटना की जानकारी एकत्रित करना

प्रिंसिपल द्वारा संपूर्ण घटना को समझने में मदद के लिए स्कूल जानकारी एकत्रित करेगा।

वे आपकी संतान का दृष्टिकोण जानने का प्रयास करेंगे।

स्कूल इस बारे में अपनी ओर से सहयोग देने की पूरी कोशिश करेगा कि आपकी संतान संपूर्ण घटना के बारे में अपने विचार कब और कैसे साझा करती है।

# बहिष्करण (Exclusion) के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

## प्रिंसिपल द्वारा निर्णय कैसे लिया जाता है

प्रिंसिपल को निष्पक्ष निर्णय लेना होगा। अपना निर्णय लेने से पहले उन्हें बहुत सी चीज़ों पर विचार करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए:

- अन्य लोगों से जानकारी
- आपकी संतान का दृष्टिकोण
- व्यवहार की गंभीरता और यह कितनी बार-बार होता है
- आपकी संतान की ज़रूरतें और उन्हें सुरक्षित और सकारात्मक व्यवहार प्रदर्शित करने में किस प्रकार का समर्थन दिया गया है।

## कानून इस बारे में क्या कहता है

कानून (शिक्षा और बाल सेवा अधिनियम 2019) (Education and Children's Services Act 2019) के तहत प्रिंसिपल द्वारा किसी छात्र को स्कूल से बहिष्कृत तभी किया जा सकता है यदि उन्हें लगे कि छात्र द्वारा:

- हिंसा हुई है या उसने हिंसा करने की धमकी दी है
- ऐसा व्यवहार प्रदर्शित हुआ है जो स्कूल से संबंधित किसी छात्र, स्टाफ सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति की सुरक्षा या भलाई के लिए खतरा पैदा करता है (उदाहरण के लिए बुलिंग [डराना-धमकाना], यौन उत्पीड़न, ज़बानी दुर्व्यवहार, जातीय दुर्व्यवहार)
- गैरकानूनी ढंग से काम किया गया है
- अध्यापन और अध्ययन बाधित हुआ है
- व्यवहार संबंधी स्कूल के नियमों का बार-बार उल्लंघन किया गया है।

## स्कूल आपसे बातचीत करेगा

आपकी संतान को लंबित निर्देशों के आधार पर निलंबित करने का निर्णय लेने के बाद प्रिंसिपल या प्रिंसिपल की ओर से काम करने वाले कोई अन्य स्टाफ सदस्य यथाशीघ्र आपसे संपर्क करेंगे।

वे आपसे और आपकी संतान से निम्नलिखित के बारे में बातचीत करेंगे:

- प्रिंसिपल द्वारा स्कूल से बहिष्कार करने पर विचार किए जाने के कारण
- निलंबन लंबित निर्देश की अवधि (1 से 5 स्कूली दिन)
- यह कि निलंबन की अवधि के दौरान आपकी संतान स्कूल परिसर में उपस्थित नहीं हो सकती
- यह कि स्कूल आपको लिखित नोटिस और इस तथ्य शीट पत्र की एक प्रति प्रदान करेगा
- निर्देश सम्मेलन से क्या उम्मीद की जा सकती है, जैसे कि, वहाँ कौन-कौन उपस्थित होगा
- यह कि आप किसी सहायक व्यक्ति या पक्षसमर्थक को निर्देश सम्मेलन में ला सकते/सकती हैं। यदि आप यह चाहें तो स्कूल आपको स्कूल-आधारित पक्षसमर्थक उपलब्ध करवा सकता है
- यह कि निर्देश सम्मेलन से पहले कोई स्टाफ सदस्य आपसे और आपकी संतान से संपर्क करेगा।

## स्कूल आधारित पक्षसमर्थक

स्कूल-आधारित पक्षसमर्थक आपकी संतान के स्कूल का स्टाफ सदस्य ही होता है। वह निम्नलिखित कर सकता/सकती है:

- निर्देश सम्मेलन में भाग लेने में आपकी और आपकी संतान की सहायता करना
- निर्देश सम्मेलन से पहले आपके और आपकी संतान की राय लेना
- निर्देश सम्मेलन में लोगों को आपकी और आपकी संतान की राय के बारे में बताना
- निर्देश सम्मेलन द्वारा आपकी संतान के लिए सर्वोत्तम चीज़ों पर ध्यान केंद्रित होना सुनिश्चित करने में मदद प्रदान करना
- लिए गए निर्णयों को, आगे की जानकारी को और यदि आपकी संतान को स्कूल से बहिष्कृत किया जाता है तो आपके द्वारा अपील करने के अधिकार को समझने में मदद प्रदान करना
- निलंबित या बहिष्कृत अवधि के दौरान आपकी संतान को स्कूल से जुड़े रखने में मदद प्रदान करना
- निलंबन या बहिष्करण अवधि के अंत में आपकी संतान को स्कूल से दोबारा जोड़ने में मदद प्रदान करना।

## निलंबन लंबित निर्देश

आपकी संतान घर पर आपकी देखभाल के तहत रहेगी।

निलंबन के दौरान स्कूल द्वारा आपकी संतान को स्कूल कार्य प्रदान करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

स्कूल द्वारा कार्य प्रदान करने का निर्णय लिया जा सकता है यदि इससे आपकी संतान को लाभ हो तो ।

## निर्देश सम्मेलन

निर्देश सम्मेलन में निम्नलिखित लोग शामिल होंगे:

- आप
- आपकी संतान
- स्कूल स्टाफ।

### निर्देश सम्मेलन से पहले प्रिंसिपल द्वारा निम्नलिखित पर विचार-विमर्श किया जाएगा:

- कौन सी सेवाएँ आपकी संतान को मदद प्रदान कर सकती हैं। यदि स्कूल निर्देश सम्मेलन में शिक्षा विभाग, अन्य सरकारी विभागों या कम्युनिटी-आधारित संगठनों से अन्य सेवाओं को आमंत्रित करना चाहता है तो वे इसके लिए आपकी अनुमति मांगेंगे।
- वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम के संभावित विकल्प। यदि आपकी संतान की आयु 16 वर्ष या उससे कम है और प्रिंसिपल उसे बहिष्कृत करने का निर्णय लेता है तो उसे वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम की आवश्यकता होगी।
- किस चीज़ से सभी को निर्देश सम्मेलन में भाग लेने में मदद मिलेगी। उदाहरण के लिए, यदि दुभाषिया की आवश्यकता है।

# बहिष्करण (Exclusion) के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

**निर्देश सम्मेलन में आपको और आपकी संतान को निम्नलिखित के लिए अवसर मिलेगा:**

- व्यवहार संबंधी स्कूल की चिंताओं को सुनना
- चिंताओं पर प्रतिक्रिया देना
- कोई अन्य ऐसी जानकारी प्रदान करना जिसपर आप चाहते/ती हों कि बहिष्करण का निर्णय लेते समय प्रिंसिपल द्वारा विचार किया जाए
- आपकी संतान द्वारा व्यवहार के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई करने के तरीकों पर चर्चा करना।

प्रिंसिपल द्वारा तब निम्नलिखित निर्णय लिया जाएगा:

- यदि बहिष्करण लागू किया जाएगा
- 4 से 10 कैलेंडर सप्ताह के बीच की बहिष्करण की अवधि (या फिर शेष स्कूल टर्म के लिए)।

यदि प्रिंसिपल द्वारा आपकी संतान को बहिष्कृत नहीं करने का निर्णय लिया जाता है, तो वे निलंबन के अंत में स्कूल वापस आ सकते हैं।

आपके और आपकी संतान के साथ मिलकर व्यवहार समर्थन योजना विकसित की जाएगी।

## व्यवहार समर्थन योजना

व्यवहार समर्थन योजना आपकी संतान के सुरक्षित और सकारात्मक व्यवहार में सहायता देने के लिए विकसित की गई है। योजना में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

- आपकी संतान के सुरक्षित और सकारात्मक व्यवहार के लिए आवश्यक कौशल
- आपकी संतान ये कौशल कैसे सीखेगी और इसमें उसकी मदद कौन करेगा
- जब आपकी संतान इस कौशल को सीख रही है और इसका अभ्यास कर रही है तो उस समय चीजें सुरक्षित और सकारात्मक कैसे हो सकती हैं
- आपकी संतान की प्रगति के बारे में सभी को कैसे पता चलेगा
- यदि भविष्य में आपकी संतान के व्यवहार को लेकर कोई चिंता हो तो उसका समर्थन कैसे किया जाएगा
- सभी की भूमिकाएँ।

यदि आपकी संतान के पास पहले से ही वन प्लान (One Plan) है, तो उनकी व्यवहार समर्थन योजना को वन प्लान में शामिल किया जा सकता है।

## बहिष्करण अवधि के दौरान

यदि आपकी संतान की आयु 16 वर्ष या उससे कम है तो स्कूल द्वारा उसे वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

इसमें आपकी संतान द्वारा बहिष्कार अवधि के दौरान अध्ययन और व्यवहार के लक्ष्य पूरे करने वाली योजना शामिल होगी।

यदि आपकी संतान की आयु 17 वर्ष या उससे अधिक है तो स्कूल को उसे वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने की आवश्यकता नहीं है।

## वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम

वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम निम्नलिखित हो सकता है:

- किसी अन्य स्कूल में प्लेसमेंट
- लर्निंग सेंटर में प्लेसमेंट (केवल मेट्रोपॉलिटन प्लेसमेंट)
- आपकी संतान के स्कूल के निर्धारित हिस्से में कार्यक्रम
- घर पर शिक्षण कार्यक्रम।

छात्र घर पर वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम तभी पूरा करते हैं यदि उनके पास कोई अन्य विकल्प उपलब्ध न हो।

स्कूल की छुट्टियों के दौरान छात्र किसी भी शिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेते हैं।

## साप्ताहिक जाँच

बहिष्करण के दौरान, स्टाफ द्वारा आपकी संतान की प्रगति की निगरानी प्रति सप्ताह एक बार जाँच करके की जायेगी।

## मध्य-बहिष्करण समीक्षा

प्रिंसिपल द्वारा मध्य-बहिष्करण समीक्षा का आयोजन निम्नलिखित के लिए किया जायेगा:

- आपकी संतान की प्रगति के साथ उसके अध्ययन और व्यवहार के लक्ष्यों के बारे में बातचीत करना
- यदि वर्तमान योजना आपकी संतान की मदद नहीं कर रही है तो व्यवहार समर्थन योजना को अपडेट करना।

## बहिष्करण के बाद स्कूल के साथ दोबारा जुड़ना

आपकी संतान के स्कूल लौटने से पहले रिकनेक्शन मीटिंग आयोजित की जाएगी जिसका उद्देश्य निम्नलिखित होता है:

- सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करना
- व्यवहार से क्षतिग्रस्त रिश्तों को सुधारना
- उनके व्यवहार समर्थन योजना या वन प्लान की समीक्षा करना
- व्यवहार संबंधी अपेक्षाओं को समझने में आपकी संतान की मदद करना
- आपकी संतान की सहायता करने वाले समर्थनों की पहचान करना।

यदि आप अपनी संतान के स्कूल लौटने से पहले रिकनेक्शन मीटिंग में भाग नहीं ले सकते/सकती हैं तो:

- मीटिंग आयोजित होने तक आपकी संतान वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम पर स्कूल वापिस आएगी

या

- किसी अन्य तरीके द्वारा व्यवहार समर्थन योजना को विकसित या अपडेट किया जाता है।

# बहिष्करण (Exclusion) के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

आपके लिए उपयुक्त दिन और समय के अनुसार स्कूल द्वारा रिकनेक्शन मीटिंग की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा। यदि आप रिकनेक्शन मीटिंग में शामिल होने से मना करते /करती हैं या आप उपलब्ध नहीं हैं, तो स्कूल आपके बिना ही आपकी संतान के लिए अध्ययन कार्यक्रम और व्यवहार समर्थन के बारे में निर्णय ले सकता है।

## अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

### एक जैसे व्यवहार के लिए भी बच्चों के साथ अलग-अलग तरीके से पेश आया जा सकता है

जब कोई प्रिंसिपल छात्र के व्यवहार पर सर्वोत्तम प्रतिक्रिया के बारे में सोचता है, तो उन्हें हर चीज़ को देखने और इसमें शामिल सभी व्यक्तिगत छात्रों के बारे में सोचने की आवश्यकता होती है। ऐसा हो सकता है कि दो बच्चों ने एक ही जैसा व्यवहार किया हो, लेकिन फिर भी प्रत्येक बच्चे के साथ अलग तरीके से पेश आना उचित हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 2 बच्चे लड़ रहे थे, तो एक को बहिष्करण मिल सकता है और दूसरे को नहीं।

### ऐसा व्यवहार जो स्कूल में घटित नहीं हुआ

स्कूल समय के बाहर और स्कूल के बाहर हुए व्यवहार के लिए आपकी संतान को बहिष्कृत तब किया जा सकता है यदि आपकी संतान के व्यवहार और स्कूल या स्कूल के रिश्तों के बीच में उचित संबंध साबित हो।

### निलंबित होने या बहिष्करण अवधि के दौरान आपकी संतान स्कूल परिसर में उपस्थित नहीं रह सकती है

निलंबन या बहिष्करण की अवधि के दौरान आपकी संतान का स्कूल परिसर में उपस्थित रहना गैर-कानूनी है। स्कूल परिसर में उपस्थित रहने से आपकी संतान द्वारा आपराधिक गुनाह किया जाता है।

आपकी संतान निर्देश सम्मेलन, मध्य-बहिष्करण समीक्षा मीटिंग और रिकनेक्शन मीटिंग में भाग लेने के लिए स्कूल परिसर में उपस्थित हो सकती है।

यदि आपकी संतान के पास स्कूल परिसर में उपस्थित होने के अन्य उचित कारण हैं, उदाहरण के लिए:

- स्कूल परिसर में प्रदान की जाने वाली सेवाएँ प्राप्त करना
- किसी सहमत वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेना, प्रिंसिपल द्वारा लिखित रूप में इसकी स्वीकृति दी जा सकती है।

### किसी अन्य स्कूल में नामांकन

बहिष्करण अवधि के दौरान आप अपनी संतान का नामांकन किसी अन्य स्कूल में नहीं कर सकते हैं। यदि आपकी संतान बहिष्करण के बाद किसी नए स्कूल में दाखिला लेती है, तो तब भी उसे अपने व्यवहार के लिए समर्थन की आवश्यकता है। वर्तमान स्कूल और नए स्कूल का प्रिंसिपल आपकी संतान के व्यवहार के बारे में बातचीत करेंगे और दोनों स्कूलों, आपके और आपकी संतान के बीच एक व्यवहार समर्थन योजना बनायी जाएगी।

### यदि आप प्रिंसिपल द्वारा आपकी संतान के बहिष्करण के निर्णय से अप्रसन्न हैं

आप, आपकी संतान या आपके या आपकी संतान के अनुरोध पर कोई वयस्क कार्यकारी निम्नलिखित के विरुद्ध अपील कर सकता/सकती है।

- बहिष्करण
- बहिष्करण अवधि को बढ़ाए जाना।

यदि आपको निम्नलिखित प्रतीत होता है तो आप प्रिंसिपल द्वारा आपकी संतान के बहिष्करण के निर्णय के खिलाफ अपील कर सकते/सकती हैं:

- प्रिंसिपल द्वारा गलत जानकारी के आधार पर आपकी संतान को बहिष्कृत किया गया है। उदाहरण के लिए, आपकी संतान ने वे व्यवहार नहीं किए जिसके लिए उसे बहिष्कृत किया गया है
- स्कूल द्वारा सही प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए, स्कूल ने निर्देश सम्मेलन आयोजित ही नहीं किया
- बहिष्करण अवधि काफी लंबी है। उदाहरण के लिए, बहिष्करण की अवधि आपकी संतान को स्कूल में सुरक्षित रूप से वापस लौटने के लिए स्कूल द्वारा आवश्यक सहायता प्रदान किये जाने से अधिक लंबी है।
- बहिष्करण की शर्तें आपकी संतान की ज़रूरतों पर खरा नहीं उतरती हैं।उदाहरण के लिए, वैकल्पिक शिक्षण कार्यक्रम आपकी संतान को पर्याप्त समर्थन प्रदान नहीं करता है।

आपको आपकी संतान के बहिष्करण के विरुद्ध अपील करने की प्रक्रिया निर्देश सम्मेलन में समझाई जानी होगी। स्कूल आपको अपील फॉर्म प्रदान करेगा।

यदि आप प्रिंसिपल के निर्णय के खिलाफ अपील करने का फैसला लेते/लेती हैं, तो आपको अपने स्थानीय शिक्षा कार्यालय में शिक्षा निदेशक को निर्देश सम्मेलन के 5 स्कूली दिनों के भीतर कागजी कार्रवाई प्रदान करनी होगी। यदि आपको यह जांनकारी नहीं है कि किस स्थानीय शिक्षा कार्यालय से संपर्क करना है तो:

- अपनी संतान के स्कूल से पूछें
- शिक्षा विभाग को 82261000 पर फोन करें
- www.education.sa.gov.au/findaschool पर जाकर अपनी संतान का स्कूल खोजें। स्कूल की सूची में शिक्षा निदेशक का नाम, शिक्षा कार्यालय और फोन नंबर उपलब्ध होता है।

# बहिष्करण (Exclusion) के बारे में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी

## और अधिक जानकारी के लिए संपर्क विवरण

आप बहिष्करण और अपील प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी निम्नलिखित द्वारा प्राप्त कर सकते/सकती हैं:

- प्रिंसिपल या किसी अन्य स्कूल लीडर के साथ अपॉइंटमेंट लेकर
- अपने स्थानीय शिक्षा कार्यालय से संपर्क करके
- शिक्षा विभाग को 82261000 पर फ़ोन करके
- शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://www.education.sa.gov.au/ पर 'exclusion' की सर्च करके।

## अतिरिक्त समर्थन

अतिरिक्त समर्थन के लिए आप अभिभावक हेल्पलाइन फ़ोन 1300 364 100 (24 घंटे सेवा उपलब्ध) से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

यदि आपकी संतान को किसी से बातचीत करने की आवश्यकता है, तो आप उन्हें निम्नलिखित से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते/सकती हैं:

- हेडस्पेस (Headspace)

  12 से 25 वर्ष के बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य समर्थन। फ़ोन: 1800 650 890

- बच्चों के लिए हेल्पलाइन (Kids Helpline)

  5 से 25 वर्ष के बच्चों और युवाओं के लिए समकक्ष समर्थन, स्व-सहायता संसाधन और फोन और ऑनलाइन परामर्श। फ़ोन: 1800 55 1800